तापमान
अधिकतम 37.1 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार 11 मार्च 2026

12 नगर निगम के सालाना बजट में दोगुनी बढ़ौतरी, नगर परिषद ने बाजी मारी




12 युवाओं को लक्ष्य तय कर भटकाव से दूर रहना चाहिए



## खबर संक्षेप

### महिलाओं की शिकायतें सुनी जाएंगी

**अंबाला।** हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया 11 मार्च को प्रातः 11 बजे अंबाला शहर के पंचायत भवन में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत महिलाओं की शिकायतें सुनेंगी। इस मौके पर कोई भी महिला आकर अपनी समस्या लिखित रूप में चेयरपर्सन के समक्ष रख सकती है। सुनवाई के दौरान महिला की शिकायत पर कार्रवाई के आदेश दिए जाएंगे।

### 25 लाख की धोखाधड़ी करने वाला काबू

**अंबाला।** थाना नग्गल पुलिस ने धोखाधड़ी के खिलाफ सफलता हासिल करते हुए विदेश भेजने के नाम पर लाखों रूपये हड़पने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गुरमीत सिंह निवासी गाँव शेखुपुर जगीर थाना जुल्कां जिला पटियाला पंजाब के रूप में हुई है। गांव नगला के गुरविंद्र सिंह की शिकायत पर 9 मार्च 2026 को पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि आरोपी ने उसके पुत्र को विदेश भेजने का झांसा देकर उससे 25 लाख रूपये की राशि हड़प ली। न तो उसके पुत्र को विदेश भेजा और न ही उसके पैसे वापिस किए बल्कि जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

### इनेलो का बढ़ रहा है जनाधारः गिल

**पानीपत।** इनेलो जिला पानीपत के प्रभारी प्रदीप गिल ने जिला पानीपत के कार्यकर्ताओं की मीटिंग ली। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कुलदीप राठी ने की। 23 मार्च को नरवाना में होने वाले युवा सम्मेलन को लेकर कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाई। इस अवसर पर पूर्व विधायक भरत सिंह छोक्कर, इसराना हलका प्रधान राजेंद्र जागलान, हलका प्रधान राजेश झट्टीपुर, हेमराज, रामकुमार नंबरदार, रणधीर, कृष्ण भौक्कर, अजमेर सरपंच, सुनीता शर्मा, लखपत रोड आदि रहे।

### अधिकारियों केनिर्देश, लापरवाही बर्दाश्त नहीं

# अवैध खनन में संलिप्त 31 वाहन जब्त, 1.5 करोड़ जुर्माना वसूला

*उपायुक्त ने जिला खनन अधिकारी के साथ-साथ अन्य संबंधित अधिकारियों से अवैध खनन को रोकने के लिए हर संभव बंदोबस्त करने के निर्देश दिए।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि जिले में अवैध खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश है कि प्रदेश में कही पर भी अवैध खनन से सबंधित यदि कोई गतिविधि पाई जाती है तो उस पर तुरंत नकेल कसना सुनिश्चित करें। उपायुक्त अपने कार्यालय में अवैध खनन से संबधित एक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस मौके पर उनके साथ एसडीएम नारयणगढ़. शिवजीत भारती, जिला खनन अधिकारी रिंकू कुमार के साथ-साथ अन्य विभागीय अधिकारी भी मौजूद थे।

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने जिला खनन अधिकारी के साथ-साथ अन्य संबंधित अधिकारियों से अवैध खनन को रोकने के लिए हर संभव बंदोबस्त करने के निर्देश भी दिए। इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि नदियों के साथ-साथ वह हाईवे पर भी चेकिंग अभियान चलाकर इस गतिविधि पर नकेल कसें। मकसद जिले में अवैध खनन नहीं होना चाहिए।


**अंबाला।** अधिकारियों से बातचीत करते डीसी अजय सिंह तोमर।

#### अवैध खनन के खिलाफ जिला प्रशासन सख्त

जिला खनन अधिकारी रिंकू कुमार ने उपायुक्त को बताया कि फरवरी माह में जिला खनन विभाग व अन्य संबधित टीमों ने कार्रवाई करते हुए 31 वाहनों को जब्त करने का करते हुए 1 करोड़ 5 लाख 80 हजार 345 रूपए की राशि जुर्माने के तौर पर वसूल करने का काम किया गया है, इसके साथ-साथ बाहरों राज्यों से आने वाले 16 अवैध वाहनों को भी पकडक़र कार्रवाई की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि अवैध खनन से संबधित 6 एफआईआर भी दर्ज की गई है। उपायुक्त ने इस मौके पर संबंधित टीमों को स्पष्ट निर्देश देते हुए अवैध खनन की गतिविधियों को रोकने के लिए सभी को बेहतर समन्वय बनाते हुए कार्रवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रदूषण बोर्ड के क्षेत्रीय प्रबंधक से यहां चल रहे क्रैशर्स की डिटेल ली। प्रदूषण बोर्ड के क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया कि यहां चार क्रेशर चल रहे हैं। समय-समय पर इन क्रेशरों निरीक्षण किया जाता है। नियमों की अवेहलना करने वाले संचालकों के खिलाफ ठोस कार्रवाई की जाती है। इस मौके पर आरटीए सुशील कुमार, डीएसपी सूरज चावला, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता कृष्ण भुक्कल भी मौजूद रहे।

# बाड़े में काम कर रहे परिवार पर हमला

## दो लोग बुरी तरह जख्मी, पुलिस ने दर्ज किया केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

गांव शेरपुर में अपने बाड़े में काम कर रहे लोगों पर गाड़ी में सवार होकर आए कुछ लोगों ने हमला कर दिया। मारपीट के दौरान दो लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने 5 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्जकर कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव शेरपुर के दलबीर सिंह ने बताया कि 26फरवरी 2026 को सांय लगभग 4:30 बजे वह व उनके परिवार के सदस्य जिनमें महिलाएं भी दी अपने बाड़े में काम कर रहे थे। अचानक से गाड़ी में सवार होकर आए करमबीर, रामकरण, जीराम, सिया, कान्ता देवी व पारस ने उनसे मारपीट शुरू कर दी। उसने बताया कि घटनास्थल के नजदीक पंचायती सीसीटीवी कैमरा भी लगा है जिसमें सारी घटना कैद हो गई। दलबीर सिंह ने बताया कि मारपीट में घायल होने के बाद उसे व मेरे बेटे को इलाज के लिए शहजादपुर सीएचसी ले जाया गया। यहां से उन्हें अंबाला शहर के नागरिक अस्पताल में रेफर कर दिया गया।


जख्मी दलबीर सिंह।

# झील में मिला टूरिज्म डिपार्टमेंट के कुक का शव

- पार्क में घूमने आया था मृतक, वापस घर नहीं लौटा
- गोताखोरों की सहायता से शव को बाहर निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर के ओपी जिंदल पार्क की झील में टूरिज्म डिपार्टमेंट के कुक का शव पड़ा मिला। बताया जा रहा है कि कुक सोमवार शाम को पार्क में घूमने के लिए आया था। जिसके बाद वह घर वापस नहीं लौटा। परिजनों को सुबह झील के पास ही उसके जूते पड़े मिले। पुलिस ने गोताखोरों को बुलाकर सर्च अभियान चलाया। जिसके बाद शव को पानी से बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार तीर्थनगर निवासी प्रिंस ने बताया कि उसके पिता 57 वर्षीय श्याम लाल टूरिज्म डिपार्टमेंट में कुक थे। सोमवार शाम को वह अपनी ड्यूटी से वापस घर लौटे थे। इसके बाद वह रोजाना की तरह शाम को ओपी जिंदल पार्क में सैर करने के लिए चले गए थे। रात करीब आठ बजे तक जब वह वापस नहीं आए तो परिवार के सदस्यों ने उनके मोबाइल पर संपर्क किया लेकिन उनका फोन नहीं मिला। इसके बाद वह रात भर अपने पिता की तलाश करते रहे लेकिन उनका कुछ भी पता नहीं चला। सुबह वह अपने पिता को ढूंढते हुए ओपी जिंदल पार्क पहुंचे। यहां झील के किनारे उनके पिता के जूते पड़े मिले। जिन्हें देखकर पानी में डूबने की आशंका हुई।

इसके बाद उन्होंने तुरंत गोताखोरों को सूचना दी। सूचना मिलने के कुछ समय बाद गोताखोर और सिटी थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। गोताखोरों ने पानी में डुबकी लगाकर उसके पिता की तलाश शुरू की। थोड़ी मशक्कत के बाद पानी से उसके पिता का शव बरामद हुआ। टीम ने शव को पानी से बाहर निकाला। पुलिस ने जांच के लिए मौके पर फोरेंसिक टीम को भी बुलाया। टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्रित किए और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

# किसानों ने ट्रेड डील की प्रतियां फूंकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन चढूनी के नेतृत्व में किसानों ने ट्रंप ट्रेड डील के विरोध में शाहबाद में ट्रैक्टर मार्च निकालकर रोष प्रदर्शन किया और तहसील कार्यालय के सामने ट्रेड डील की प्रतियों को अग्नि भेट किया। इससे पहले सभी किसान भारी संख्या में अपने ट्रैक्टर लेकर अनाज मंडी में एकत्रित हुए और वहां से ट्रेक्टर मार्च निकालते हुए, लाडवा रोड से होते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे जहां पर ट्रेड डील की प्रतियां फूंकी गई।

किसानों ने सैंकड़ों की संख्या में ट्रैक्टर होने के बावजूद सडक पर चलने वाले वाहनों को कोई परेशानी पेश नहीं आने दी और इसके बाद प्रदर्शन करते हुए किसान वाया बराड़ा रोड वापिस अनाज मंडी पहुंचे जहां ट्रेक्टर मार्च को विश्राम दिया गया। इस रोष मार्च का नेतृत्व भाकियू चढ़ूनी के राष्ट्रीय प्रैस प्रवक्ता राकेश बैंस और कार्यकारी ब्लॉक प्रधान जसबीर सिंह मामूमाजरा ने किया। किसानों को संबोधित करते हुए राकेश बैंस ने कहा कि किसानों ने एक लंबी लड़ाई लडकर आंदोलन के माध्यम से 3 काले कृषि कानून वापिस करवाए थे। इसी प्रकार इस विवादस्पद ट्रेड डील को भी रद्द करवाने के लिए आंदोलन चलाया जाएगा क्योंकि यह ट्रेड डील किसानों के लिए डैथ वारंट है।


**शाहबाद।** ट्रेड डील की प्रतियां फूंकते किसान नेता।

# ट्रेड डील के विरोध में निकाला ट्रैक्टर मार्च

- किसानों ने उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर ट्रेड डील की प्रतियां जलाकर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील के विरोध में मंगलवार को किसानों ने ट्रैक्टर मार्च निकाला। इसके साथ किसानों का ट्रैक्टर मार्च उपायुक्त कार्यालय पहुंचा। जहां किसानों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। किसानों ने ट्रेड डील की प्रतियां जलाकर विरोध जताया। किसानों ने आरोप लगाया कि अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील से देश के किसानों के हितों को नुकसान पहुंच सकता है।



**यमुनानगर।** ट्रैक्टर मार्च निकालते किसान, उपायुक्त कार्यालय में नारेबाजी कर विरोध जताते किसान।

मंगलवार को ट्रैक्टर मार्च में बड़ी संख्या में किसान अपने-अपने ट्रैक्टरों के साथ जगाधरी अनाज मंडी में पहुंचे। इसके बाद ट्रैक्टर मार्च अनाज मंडी से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरता हुआ डीसी कार्यालय पहुंचा। जहां किसानों ने अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील की प्रतियां जलाकर विरोध जताया। किसानों का कहना था कि सरकार को किसी भी अंतरराष्ट्रीय समझौते से पहले देश के किसानों के हितों को प्राथमिकता देनी चाहिए। भारतीय किसान यूनियन के डायरेक्टर मनदीप ने बताया कि यह ट्रैक्टर मार्च किसानों की आवाज को सरकार तक पहुंचाने के लिए निकाला गया है। उन्होंने कहा कि यदि इस तरह की ट्रेड डील लागू होती है तो इसका सीधा असर भारतीय कृषि और किसानों की आय पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि विदेशी कंपनियों को बढ़ावा देने से देश के छोटे और मध्यम किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। उन्होंने सरकार से मांग की कि किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए इस तरह के समझौतों पर पुनर्विचार किया जाए। साथ ही चेतावनी दी कि यदि किसानों की मांगों को नजरअंदाज किया गया तो भारतीय किसान यूनियन आने वाले समय में और भी बड़े आंदोलन करने को मजबूर होगी।

# बिजली क्षेत्र के निजीकरण के विरोध में कर्मचारियों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के गोहाना रोड स्थित मुख्य बिजली पर केंद्र सरकार द्वारा बिजली क्षेत्र का निजीकरण करने के लिए संसद में बिजली संशोधन बिल 2025 लाने के विरोध में मंगलवार को देश में नेशनल कोआर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज और इंजीनियर एवं इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर बिजली कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन के सनौली रोड सब यूनिट के प्रधान जितेंद्र वर्मा ने की। मंच संचालन सिटी यूनिट सचिव बलराम राणा ने किया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए राज्य के उप प्रधान जितेंद्र सैनी ने कहा कि सरकार देश के पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए बिजली क्षेत्र को कोडिय़ां के भाव बेचना चाहती है। जिस से देश की गरीब जनता को बिजली मिलना मुश्किल हो जाएगा। इसलिए देश के सभी बिजली कर्मचारियों ने इस बिजली बिल का विरोध किया है।


**पानीपत।** मुख्य बिजली घर में निजीकरण के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए कर्मचारी।

### बाइक सवार को कार चालक ने मारी टक्कर युवक की मौत

**बराड़ा।** बराड़ा-दोसडक़ा मार्ग पर बाइक सवार युवक को कार ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार उत्तर प्रदेश के बरेली के 23 वर्षीय आकाश बराड़ा-दोसडक़ा मार्ग पर एक रेस्टारेंट में काम करता था। दोपहर को वह सामान लेने के लिए बाजार में जा रहा था। रेस्टोरेंट से कुछ ही दूरी पर सांई मंदिर के पास सामने से आ रही कार ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। कार का भी अगली हिस्सा काफी क्षतिग्रस्त हो गया।

### रणबीर गंगवा ने बताया कि बाइपास के पुनर्निर्माण का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन

# विधायक रामकुमार कश्यप ने विधानसभा में उठाए इंद्री के विकास कार्यों से जुड़े मुद्दे

- करनाल से यमुनानगर वाया नेवल, चोगांव, गढ़ी बीरबल तथा बडगांव मार्ग के पुनर्निर्माण का भी मुद्दा उठाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने विधानसभा सत्र के दौरान क्षेत्र की महत्वपूर्ण सडक परियोजनाओं और बाईपास के पुनर्निर्माण का मुद्दा प्रमुखता से उठाया।

विधायक रामकुमार कश्यप ने सदन में इंद्री बाईपास के पुनर्निर्माण संबंधित प्रश्न रखा, जिस पर लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने बताया कि बाईपास के पुनर्निर्माण का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है। इस कार्य में वन विभाग से मंजूरी की आवश्यकता है। इसके साथ ही विधायक रामकुमार कश्यप ने करनाल से यमुनानगर वाया नेवल, चोगांव, गढ़ी बीरबल तथा बडगांव मार्ग के पुनर्निर्माण का मुद्दा भी सदन में रखा। इस पर मंत्री ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्य का आवंटन पहले 11 मार्च 2025 को किया गया था, लेकिन संबंधित एजेंसी द्वारा काम शुरू न करने के कारण अनुबंध रद्द कर दिया गया है। कार्य के लिए दोबारा टेंडर आमंत्रित किए गए हैं, जो 24 मार्च को प्राप्त किए जाएंगे। नए आवंटन के बाद, यह कार्य 9 माह के भीतर पूरा होने की संभावना है। विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि ये दोनों परियोजनाएं क्षेत्र के आवागमन और आर्थिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होने सरकार से इन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाने का आह्वान किया।


**इंद्री।** विधानसभा मे इंद्री के विकास कार्यों से जुड़े मुद्दे उठाते विधायक रामकुमार कश्यप।

विद्या भारती हिन्दू शिक्षा समिति हरियाणा से सम्बंधित

GITA GIRLS SR. SEC. SCHOOL
AMIN ROAD, KURUKSHETRA (HARYANA)

Affiliated by BSEH Code: 11103 ENGLISH MEDIUM

ADMISSION OPEN 2026-27

PUNJABI OPTIONAL IN CLASS 6TH

NO ADMISSION FEE
From Nursery to 2nd Class

SELECTION IN IIT WITHOUT ANY COACHING

WE ARE HIRING

100% BOARD RESULTS

| Sr. No. | Name of Post | No. of Post | Minimum Qualification |
|---|---|---|---|
| 1 | Chemistry Teacher (PGT) (Female) | 1 | M.Sc (Chemistry), B.Ed |
| 2. | Physical Teacher (PTI) (Female) | 1 | D.P.ED/B.P.ED/M.P.ED, B.Ed |
| 3. | English Teacher (TGT) (Female) | 1 | B.A with English (Hons), B.Ed |
| 4. | Computer Science (Female) | 1 | BCA/B.Sc, PGDCA, B.Ed |
| 5. | Pre-Primary Teacher (PPRT) (Female) | 1 | B.A., B.Ed |
| 6. | ATL (Atal Tinkering Lab) (Female) | 1 | B.Tech/B.E./M.Sc(IT/ Computer Science/Electronics) |
| 7. | Clerk (Male) | 1 | B.A., Typing (English, Hindi) minimum speed 30 WPM with computer knowledge. |
| 8. | Driver (Male) | 2 | Matric with Heavy Driving License |

**Must possess a current driving licence of a motor vehicle issued by a competent authority under the Motor Vehicles Act, 1939 with practical experience of driving a motor vehicle for a period of not less than 5 years.**

Note :-
1. Dynamic, Committed, Proficient teachers can apply within seven days from the date of advertisement through e-mail **(gitakanyaschoolkkr@gmail.com)** or at the office between 08:00 am to 02:00 pm.
2. Only short listed candidates will be called for interview
3. Experienced candidates will be given priority.
4. Salary as per school norms.

PRESIDENT MANAGER PRINCIPAL

Contact No.: 01744-251062
GITA GIRLS SR. SEC. SCHOOL, AMIN MARG, KURUKSHETRA

## खबर संक्षेप

### दोस्ती से मना करने पर जान से मारने की धमकी

**यमुनानगर।** सदर यमुनानगर थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक ने महिला को दोस्ती न करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी काफी दिनों से उसका पीछा कर उसे परेशान कर रहा था और उसे समाज में बदनाम करने की धमकी भी दे रहा था। पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार सदर यमुनानगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 35 वर्षीय महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके गांव का ही सचिन करीब 15 दिन से उसका पीछा कर उसे परेशान कर रहा था। जब भी वह घर से बाहर जाती तो आरोपी उसका पीछा करना शुरू कर देता और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगता। आरोपी ने उसे समाज में बदनाम करने की धमकी दी। उसने समाज के डर से आरोपी की हरकतों को नजरअंदाज कर दिया। पीड़िता ने बताया कि नौ मार्च को जब वह किसी काम से घर से बाहर जा रही थी तो आरोपी सचिन ने उसका पीछा करना शुरू कर दिया और उस पर दोस्ती करने का दबाव बनाया। दोस्ती न करने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी और उसके साथ गाली गलौज किया। परेशान होकर उसने घटना के बारे में परिजनों व पुलिस में शिकायत दी।

### बाप बेटे पर लाठी डंडों से हमला कर किया घायल

**यमुनानगर।** छछरौली थाना क्षेत्र के गांव मानकपुर में कहासुनी होने पर करीब डेढ़ दर्जन लोगों ने गांव के मंसूर अली व उसके बेटे रोहित पर लाठी डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। दोनों घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव मानकपुर निवासी मंसूर अली ने छछरौली पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले रोशन अली व समीर के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। उस समय गांव के मौजिज लोगों ने समझा कर मामला शांत करवा दिया था मगर इसके बाद से आरोपी उससे रंजिश रखने लगे। मंसूर अली ने बताया कि सात मार्च को रंजिश के चलते रोशन अली ने अपने साथी समीर, कमल, हसन, इस्लाम, रोशनी, उस्मान, फारूक, नूरिया, महबूब, सलीम फिरोज, आरिफ , सलमा, इकबाल, आशिक व अन्य युवक इकबाल के साथ मिलकर उस पर हमला कर दिया।

जेएमआईईटीआई कॉलेज के विद्यार्थियों का स्टेटाथोन में शानदार प्रदर्शन, ग्रैंड फिनाले में चयन

# बीटेक के छात्रों की तकनीक से रोजगार पाने में मिलेगी मदद

**प्रतियोगिता में देशभर से 5 हजार से अधिक टीमों ने की भागेदारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर स्थित जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने राष्टीय स्तर की प्रतिष्ठित प्रतियोगिता स्टेटाथोन 2025 डाटा जर्नी टू वड्र्स विकसित भारत के ग्रैंड फिनाले में स्थान प्राप्त किया है। प्रतियोगिता नेशनल स्टैटिस्टिकल ऑफिस, मंत्रालय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन द्वारा आयोजित की जा रही है। जिसमें मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन के इनोवेशन सेल तथा ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन का सहयोग रहा। संस्थान के निदेशक डॉ विवेक शर्मा ने बताया कि संस्थान की टीम नेक्सोरा को प्रतियोगिता के ग्रैंड फिनाले के लिए चयनित किया गया है। टीम का नेतृत्व बीटेक तृतीय वर्ष की छात्रा ऋषिता शर्मा कर रही हैं जबकि टीम सदस्य के रूप में बीटेक तृतीय वर्ष के छात्र अभिनव प्रताप सिंह शामिल हैं। इस राष्टीय स्तर की प्रतियोगिता में देशभर से लगभग पांच हजार से अधिक टीमों ने भाग लिया।



**यमुनानगर।** रादौर स्थित जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज में जानकारी देते मेधावी छात्र। फोटो : हरिभूमि

#### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीम सम्मानित

प्रतियोगिता के प्रथम चरण में लगभग पांच हजार आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें से 50 टीमों को अगले चरण के लिए चुना गया। इसके पश्चात ऑनलाइन पिचिंग राउंड में टीम ने अपने प्रोजेक्ट का प्रस्तुतीकरण विशेषज्ञों के समक्ष किया। मूल्यांकन के बाद घोषित परिणामों में पांच सर्वश्रेष्ठ टीमों को ग्रैंड फिनाले के लिए चयनित किया गया। जिनमें उनकी टीम नेक्सोरा ने भी स्थान प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि उनके विद्यार्थियों द्वारा राष्टीय स्तर पर इस प्रकार की प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करना हमारे लिए गर्व का विषय है। यह उपलब्धि संस्थान में नवाचार, शोध और तकनीकी शिक्षा के प्रति विद्यार्थियों की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने विश्वास जताया कि उनकी टीम ग्रैंड फिनाले में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान तथा प्रदेश का नाम रोशन करेगी।

प्रारंभिक चरण में प्रतिभागियों को अपने नवाचार विचार, तकनीकी दृष्टिकोण व सामाजिक प्रभाव को प्रस्तुत करना था। जेएमआईईटीआई की टीम ने स्किलवेव नामक एक परियोजना प्रस्तुत की, जो आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग, तकनीकों की सहायता से नेशनल क्लासिफिकेशन ऑफ ऑक्युपेशन के लिए एक आधारित सिमेंटिक सर्च प्लेटफॉर्म विकसित करने पर आधारित है। प्लेटफॉर्म के माध्यम से विद्यार्थी, शोधकर्ता, नौकरी की तलाश करने वाले लोग सरल भाषा में विभिन्न व्यवसायों, आवश्यक कौशलों व संभावित करियर मार्गो की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।



**यमुनानगर।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में विद्यार्थियों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करती जिला सलाहकार रजनी गोयल। फोटो : हरिभूमि

### आईटीआई में जल महोत्सव पखवाड़े का शुभारंभ

- विद्यार्थियों को जल संरक्षण और जल की गुणवत्ता के बारे में विस्तार से जानकारी दी

**यमुनानगर।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं वासो के सौजन्य से शहर की औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में जल महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुदेशक निर्मल सैनी ने की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विभाग की जिला सलाहकार रजनी गोयल उपस्थित रही। उन्होंने विद्यार्थियों को जल संरक्षण और जल की गुणवत्ता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। रजनी गोयल ने बताया कि जिले में 8 मार्च से 22 मार्च तक जल महोत्सव पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों को पानी बचाने के लिए जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि लगातार भूजल दोहन और ग्लोबल वार्मिंग के कारण जल स्तर लगातार नीचे जा रहा है। इसलिए सभी लोगों को पानी के संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि कहीं भी नल खुला न छोड़ें, आवश्यकता के अनुसार ही पानी का उपयोग करें तथा रेन वाटर हार्वेस्टिंग को अपनाएं। इस अवसर पर उन्होंने विभाग के टोल फ्री नंबर की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान जिला लैब सहायक सुखविंदर सिंह ने फील्ड टेस्टिंग किट और ओटी किट के माध्यम से पानी के सैंपल की जांच करने की प्रक्रिया भी विद्यार्थियों को समझाई। उन्होंने बताया कि पंचायत भवन के पास स्थित जिला लैब में भी लोग अपने पानी के सैंपल की जांच करवा सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों और विद्यार्थियों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई और पानी बचाने का संकल्प लिया गया।



यमुनानगर। रादौर स्थित बुबका चौक पर लगी ट्रैफिक लाइटे।

### बुबका चौक पर लगी ट्रैफिक लाइटें, यातायात होगा दुरुस्त

रादौर। रादौर के बुबका चौक पर यातायात को दुरूस्त करने के लिए ट्रैफिक लाइटें लगाई गई हैं। जिससे हादसों में कमी आएगी। कुछ महीनो पहले कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने रादौर के बुबका चौक पर ट्रैफिक लाइटे लगवाने को लेकर शिलान्यास किया था। नपा सचिव सुरेंद्र मलिक ने बताया कि शहर के व्यस्थ बुबका चौक पर ट्रैफिक लाइटें न लगी होने से यातायात प्रभावित हो रहा था। चौक पर जाम की स्थिति बनी रहती थी। जिस कारण लोगों को परेशानी हो रही थी। उन्होंने बताया कि चौक पर दुर्घटनाओं को लेकर स्थानीय व क्षेत्र के लोगों ने प्रशासन से ट्रैफिक लाइटे लगाने की मांग की थी। जिसके बाद नगरपालिका ने बुबका चौक पर ट्रैफिक लाइटे लगवाने का कार्य पूरा कर लिया है। इससे ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार होगा।



यमुनानगर। रादौर स्थित ग्रामीणों से चर्चा करते भाजपा नेता।

### हर गांव और हर व्यक्ति आत्मनिर्भर बने : राणा

**यमुनानगर।** भाजपा ने हर क्षेत्र में जनता के हित में विकास कार्य किए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश उन्नति की राह पर अग्रसर है। ये शब्द वरिष्ठ भाजपा नेता नेपाल सिंह राणा ने कस्बा रादौर क्षेत्र में ग्रामीणों से मिलकर कर कहे। उन्होंने कहा कि जब हर गाँव और हर व्यक्ति आत्मनिर्भर बने, तभी सशक्त आत्मनिर्भर भारत बनेगा। राणा ने कहा कि दुनिया के कल्याण के लिए भारत देश का शक्तिशाली होना आवश्यक है। देश में बनी हुई वस्तुओं का इस्तेमाल बढाना है। उन्होंने कहा कि कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा हरियाणा सरकार के सौजन्य से करोड़ों रुपए के विकास कार्यों को मंजूर कर विकास करवा रहे हैं। इस मौके पर मार्केट कमेटी चेयरमैन रुपिंदर सिंह मल्ही, पार्षद उज्जवल सिंह, भाजपा नेता चरणजीत सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह, अजय, भाजपा जिला यमुनानगर मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग मौजूद रहे।

## भाजपा की सरकार ने पंचायती राज संस्थाओं को बनाया मजबूत : गुर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

भारतीय जनता पार्टी द्वारा जगाधरी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर उपस्थित हुए। कार्यक्रम के दौरान लोगों को प्रदेश व केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई।

पूर्व मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली के मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी की हरियाणा सरकार ने व भाजपा संगठन ने हरियाणा को मजबूत करने का कार्य किया है। गुर्जर ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा लगातार जनहित के फैसले लिए जा रहे हैं जिससे हरियाणा के नागरिकों में उत्साह का माहौल है। पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत बनाया जा रहा है। बुढ़ापा पेंशन, लाडो लक्ष्मी योजना, किसान सम्मान निधि से लाखों लोग लाभान्वित हो रहे हैं। इस दौरान प्रियंक शर्मा, गौरव गोयल, अमित चौधरी, कृष्ण खदरी, विपुल गर्ग, संदीप राय, पूनम अग्रवाल, रीना रस्तोगी अंकित गोयल, जयंत स्वामी, जगदीश विधार्थी, अरुण कुमार, भानू प्रताप सिंह, निश्चल चौधरी, पीयूष गोगियान, दीपक शर्मा, कपिल मनीष गर्ग सहित भाजपा कार्यकर्ता साथ रहे।



**यमुनानगर।** यमुनानगर भाजपा कार्यकर्ताओं से बातचीत करते पूर्व मंत्री।

## छात्राएं हों अधिकारों के प्रति हो सजग : नीलम

- ग्लोबल रिसर्च ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में जागरूकता कार्यक्रम किया गया आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

ग्लोबल रिसर्च ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में मंगलवार को अंतरराष्टीय महिला दिवस पर पोश एंड पॉक्सो एक्ट विषय पर कार्यक्रम का अयोजन किया गया। इस अवसर पर यमुनानगर महिला पुलिस एएसआई नीलम मुख्य रूप से उपस्थित हुईं। यह जागरूकता कार्यक्रम विशेष रूप से लड़कियों व महिलाओं के लिए आयोजित किया गया था, ताकि उन्हें अपनी सुरक्षा के बारे में जागरूक किया जा सके और पुलिस द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सहायता के बारे में बताया जा सके। फार्मेसी एवं विमेन सैल की हेड डॉ. नेहा यादव ने एएसआई नीलम का स्वागत पौधा भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में एएसआई नीलम ने पोश एवं पॉक्सो एक्ट के विषय में विस्तार से बताया।

उन्होंने छात्रों को बताया कि हर बच्चे को सुरक्षित, सम्मानजनक वातावरण में पढने और आगे बढने का अधिकार है। यदि उनके साथ कभी कोई गलत व्यवहार हो तो उन्हें चुप नहीं रहना चाहिए, बल्कि भरोसेमंद व्यक्ति या शिक्षक को बताना चाहिए। संस्थान समूह निदेशक डॉ. अश्विनी कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए महिलाओं के सम्मान, समानता व सशक्तिकरण के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि एक विकसित और सशक्त समाज वही होता हैए जहाँ महिलाओं को समान अवसरए सम्मान और सुरक्षा मिलती है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया कि वे महिलाओं के अधिकारों का सम्मान करें और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं। संस्थान निदेशक डॉ लक्ष्य अग्रवाल ने अपने संबोधन में महिला सशक्तिकरण का महत्व समझाते हुए समाज में महिलाओं के समान अधिकारों पर बल दिया। उन्होंने कहा कि एक प्रगतिशील समाज वही होता है जहाँ महिलाओं को शिक्षाए अवसर और सम्मान समान रूप से प्राप्त हो1 सके।



यमुनानगर। रादौर स्थित ग्लोबल रिसर्च ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में जानकारी देतीं एएसआई नीलम। फोटो : हरिभूमि

#### छात्राओं से महत्वपूर्ण जानकरियां सांझा की

इस जागरूकता का उद्देश्य छात्रों को उनके अधिकारों के प्रति सजग बनाना और एक सुरक्षित समाज की दिशा में कदम बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि महिलाओं को आत्मनिर्भर और सतर्क रहना चाहिए। उन्होंने साइबर अपराध के बारे में महत्वपूर्ण जानकरियां सांझा की।

### जगाधरी-व्यासपुर रोड के नवनिर्माण के चलते वाहनों की आवाजाही बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जगाधरी-व्यासपुर रोड के नवनिर्माण को लेकर सड़क से वाहनों की आवाजाही बंद कर दी गई है। प्रशासन द्वारा वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं। व्यासपुर के उपमंडल अधिकारी जसपाल सिंह गिल ने बताया कि जगाधरी-व्यासपुर रोड के नवीनकरण व सुदृढ़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान वाहनों की अत्यधिक आवाजाही के कारण कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है। इसलिए कार्य को सुचारू रूप से पूर्ण करने के लिए इस मार्ग पर सभी वाहनों, विशेषकर भारी वाहनों की आवाजाही अस्थायी रूप से बंद कर दी गई है तथा वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं। जगाधरी से व्यासपुर जाने वाले भारी वाहन वाया छछरौली मार्ग का प्रयोग करेंगे। इसी प्रकार जगाधरी-व्यासपुर मार्ग से साढ़ौरा जाने वाले हल्के वाहन वाया चंदाखेड़ी होकर व्यासपुर-साढौरा मार्ग पर जा सकेंगे तथा जगाधरी-व्यासपुर मार्ग के हल्के वाहन वाया शाहपुर होकर व्यासपुर-छछरौली मार्ग से गुजर सकेंगे। इसके अतिरिक्त व्यासपुर कस्बे के भीतर जाने वाले हल्के वाहन अनाज मंडी व्यासपुर के पहले गेट से प्रवेश कर अनाज मंडी के पीछे वाले गेट से व्यासपुर-साढौरा मार्ग पर निकल सकेंगे।

## शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

सैनी समाज द्वारा खेड़ा मोहल्ला रादौर में मंगलवार को देश की प्रथम महिला शिक्षिका, समाज सुधारिका सावित्रीबाई फुले की 129वीं पुण्यतिथि मनाई गई।

कार्यक्रम में सैनी समाज रादौर प्रधान संदीप सैनी मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने स्थानीय लोगों के साथ माता सावित्रीबाइक फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। प्रधान संदीप सैनी ने बताया कि सावित्रीबाई फुले ने बच्चों को पढ़ाई करने और स्कूल छोडने से रोकने के लिए एक अनोखा प्रयास किया। वह बच्चों को स्कूल जाने के लिए वजीफा देती थीं। ऐसे समय में जब देश में जाति प्रथा अपने चरम पर थी। उन्होंने अंतरजातीय विवाह को बढ़ावा दिया। उन्होंने अपने पति के साथ मिलकर सितंबर 1873 में सत्यशोधक समाज की स्थापना कीए जो बिना पुजारी व दहेज के विवाह आयोजित करता था। इस समाज की स्थापना का उद्देश्य कम खर्च में शादी कराना, अंतरजातीय विवाह, बाल विवाह को खत्म करना व विधवा पुनर्विवाह था। पुणे में 1897 में प्लेग महामारी फैली था और इसी महामारी की वजह से ही 66 वर्ष की उम्र में सावित्रीबाई फुले निधन हो गया था। भारत की प्रथम महिला सावित्रीबाई फुले थी। उन्होंने भारत सरकार से माता सावित्रीबाई फुले एवं महात्मा ज्योतिबा फुले को भारत रत्न देने की मांग की। इस अवसर पर पुलकित, राजू, अनिल सैनी, रघुबीर सैनी, रवि शंकर, कार्तिक सैनी, कणिक सैनी, नक्ष सैनी, राघव सैनीए,जगन चौहान आदि उपस्थित रहे।



यमुनानगर। रादौर स्थित सावित्रीबाई फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन करते स्थानीय लोग। फोटो : हरिभूमि

## खैर की लकड़ी काटने के आरोप में पांच पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव चिक्कन के जंगल से चोरी करके खैर की पेड़ काटने के आरोप में पुलिस ने पांच खैर तस्करों के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपियों ने खैर की लकड़ी को काटकर घर में छिपाया हुआ था। पुलिस ने वन्य जीव निरीक्षक लीलू राम की शिकायत पर केस दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार वन्य जीव निरीक्षक लीलू राम ने प्रताप नगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसे सूचना मिली थी कि गांव चिक्कन निवासी काला, नवाब, कामिल, अदरिश व रमजान उर्फ जानी ने गांव के नजदीक लगे जंगल से खैर की लकड़ी को काटकर अपने घर में छिपाया हुआ है। सूचना के आधार पर उसने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर आरोपियों के घर की तलाशी ली तो वहां से भारी मात्रा में खैर की लकड़ी बरामद हुई। जिसकी कीमत करीब 50 हजार रुपये है। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## बाइक सवार पांच युवकों ने छात्रा से छीनी सोने की बालियां व नोजपिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- छात्रा के विरोध करने पर आरोपियों ने बेल्ट से पीटा, स्कूल यूनिफार्म भी फाड़ी
- पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ किया केस दर्ज

थाना बूड़िया क्षेत्र के गांव भोगपुर के पास दिनदहाड़े एक स्कूली छात्रा से लूटपाट का मामला सामने आया है। पांच अज्ञात बाइक सवार युवकों ने छात्रा को कच्चे रास्ते पर खींचकर उसके कानों से सोने की बालियां और नाक का कोका छीन लिया। विरोध करने पर आरोपियों ने छात्रा को बेल्ट से पीटा और उसकी स्कूल यूनिफॉर्म भी फाड़ दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव भोगपुर निवासी अहसान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 15 वर्षीय बेटी सितारा सरकारी स्कूल बूड़िया में दसवीं कक्षा की छात्रा है। सात मार्च को वह अपना एसएसटी का पेपर देकर बूड़िया से थ्री व्हीलर में बैठकर घर लौट रही थी। दोपहर 3 बजे वह शाहजादपुर अड्डा पर थ्री व्हीलर से उतरकर पैदल अपने घर की तरफ जा रही थी। जब वह पुलिया से थोड़ा आगे पहुंची तो दो मोटरसाइकिलों पर सवार पांच युवक कच्चे रास्ते से आए और उसे पकड़कर कच्चे रास्ते की तरफ ले गए। आरोपियों ने जबरन उसके कानों से सोने की बालियां और नाक का कोका निकाल लिया। जब सितारा ने विरोध करते हुए शोर मचाया तो एक युवक ने बेल्ट निकालकर उसके साथ मारपीट की। इस दौरान आरोपियों ने उसकी स्कूल की वर्दी भी फाड़ दी। इसके बाद सभी आरोपी मौके से भाग गए। उसकी बेटी ने घर पहुंचकर उन्हें घटना के बारे में बताया। उन्होंने अपने स्तर पर आरोपियों की तलाश की लेकिन उनका कुछ भी पता नहीं चला। बाद में उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने को लेकर निगम ने की कवायद शुरू

## सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने पर रहेगा जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के तहत शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए नगर निगम द्वारा कवायद शुरू कर दी गई है। इसी के चलते अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने रेलवे वर्कशॉप जगाधरी में रेलवे के वरिष्ठ इंजीनियरिंग अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में शहर में बढ़ते प्लास्टिक कचरे के प्रभावी प्रबंधन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई और इसके समाधान के लिए प्लास्टिक बोतल क्रशर मशीन व पॉलिथीन क्रशर मशीन व विभिन्न तकनीकी विकल्पों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक के बाद रेलवे अधिकारियों ने अतिरिक्त निगम आयुक्त को प्लास्टिक बोतल क्रशर मशीन व पॉलिथीन क्रशर मशीन की कार्यप्रणाली बताई। बैठक के दौरान प्लास्टिक मैनेजमेंट कॉन्सेप्ट को लागू करने पर विशेष जोर दिया गया। बता दें कि शहर में रोजाना बड़ी मात्रा में प्लास्टिक कचरा एकत्रित होता है।



यमुनानगर अधिकारियों के साथ बातचीत करते अतिरिक्त उपायुक्त।

#### प्लास्टिक कचरे का प्रबंधन जरूरी

आगे कहा कि जिसके सही तरीके से निस्तारण की आवश्यकता है। इसके लिए रेलवे वर्कशॉप के सहयोग से प्लास्टिक बोतल क्रशर मशीन तथा पॉलीथिन क्रशर मशीन तैयार करने की संभावना पर चर्चा की गई। इन मशीनों के माध्यम से प्लास्टिक कचरे को छोटे-छोटे टुकड़ों में क्रश कर रिसाइक्लिंग के लिए उपयोग में लाया जा सकेगाए जिससे प्लास्टिक का दोबारा उपयोग संभव हो पाएगा। अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने कहा कि प्लास्टिक कचरे का वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करें। यह हमारी जिंदगी के लिए बेहद खतरनाक है। बैठक में यह भी प्रस्ताव रखा गया कि प्लास्टिक कचरे के संग्रहण और प्रसंस्करण से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएं। इसके तहत ऐसे मॉडल पर काम करने की योजना है, जिसमें लोग प्लास्टिक कचरा एकत्रित कर उसे निर्धारित केंद्रों पर जमा कर सकें और बदले में उन्हें आर्थिक लाभ प्राप्त हो।

## खबर संक्षेप

### धूमधाम से मनाया जा रहा मुरथल महोत्सव



**कुरुक्षेत्र।** श्रीदुर्गा देवी मंदिर पिपली, कुरुक्षेत्र के पीठाधीश और समर्थगुरु धारा हिमाचल के जोनल कोऑर्डिनेटर आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि आदरणीय समर्थगुरू सिद्धार्थ औलिया के सान्निध्य में लगभग 300 साधकों ने अपने परिवार सहित मुरथल महोत्सव में बढ़ चढ़कर भाग ले रहे है जो कि 9 मार्च से 14 मार्च 2026 तक चलेगा। विशेष समर्थगुरु के हाथों से माला दीक्षा लेने का महासौभाग्य सभी साधकों को प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर 9 से 11 मार्च 2026 को सिद्धार्थ ध्यान योग,निरति योग, मिस्टिक रोज कार्यक्रम होंगे। विशेष 13 मार्च 2026 को बड़े स्तर का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा।

### गैस सिलेंडर की कीमतों ने तोड़ी कमर : मनजीत



**पिहोवा।** घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में की गई ताजा बढ़ोतरी ने आम जनता पर महंगाई का एक और भारी बोझ डाल दिया है। इंडियन नेशनल लोकदल के पिहोवा से पूर्व प्रत्याशी मनजीत सिंह ने सरकार द्वारा गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि पहले से ही महंगाई की मार झेल रही जनता के लिए यह फैसला अत्यंत पीड़ादायक और असंवेदनशील है।

### गणित विभाग की महिला चेयरपर्सन बनी सुमित्रा

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के गणित विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर श्रीमती सुमित्रा देवी ने मंगलवार को विभागाध्यक्षा (चेयरपर्सन) का पदभार ग्रहण किया। उन्होंने यह जिम्मेदारी विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार संभाली। इस अवसर पर निवर्तमान विभागाध्यक्ष प्रो. विनोद कुमार तथा विभाग के शिक्षकों दलबीर सिंह, डॉ. अनुपम खन्ना, डॉ. सुरेंद्र सिंह, डॉ. विकास पोपली सहित अन्य शिक्षकों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया और शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में गणित विभाग के पार्ट-टाइम शिक्षक तथा गैर-शिक्षक कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### पिहोवा के मुख्य चौक का किया जा रहा जीर्णोद्धार

**पिहोवा।** नगरपालिका के चेयरमैन आशीष चक्रपाणि ने कहा कि विश्व प्रसिद्ध तीर्थ नगरी पिहोवा के मुख्य चौक का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। इस मुख्य चौक पर भव्य और सुंदर शंख चौक को चार चांद लगाएगा। इस चौक के जीर्णोद्घार पर लगभग 50 लाख रुपए का बजट खर्च किया जा रहा है। नगरपालिका के चेयरमैन आशीष चक्रपाणि ने बातचीत करते हुए कहा कि तीर्थ नगरी पिहोवा को विकसित और सुंदर नगरी बनाने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रयासों से लगातार योजनाओं को अमलीजामा पहनाया जा रहा है।

---

### कुवि में 'वर्क लाइफ बैलेंस में स्ट्रेस मैनेजमेंट' विषय पर एक्सटेंशन लेक्चर

# तनावमुक्त जीवन के लिए मेडिटेशन और संतुलित जीवनशैली जरूरी: मनु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर कार्यालय की ओर से विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में वर्क लाइफ बैलेंस में स्ट्रेस मैनेजमेंट और हीलिंग विषय पर एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन सीनेट हॉल में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. ए.आर.चौधरी ने की जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में गुलजारी लाल नंदा केन्द्र की निदेशक प्रो. शुचिस्मिता मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. ए.आर. चौधरी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार के व्याख्यान विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विश्वविद्यालय समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा ताकि विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ अपने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का भी ध्यान रख सकें।



**कुरुक्षेत्र।** स्वास्थ्य एवं वेलनेस कोच प्रो. मनु जटाना को स्मृति चिह्न भेंट करती प्रो. शुचिस्मिता।

#### सामाजिक स्वास्थ्य के महत्व पर दिया जोर

प्रो. मनु जटाना ने बताया कि तनाव तब उत्पन्न होता है जब व्यक्ति पर पड़ने वाला दबाव उसकी उपलब्ध संसाधनों और क्षमता से अधिक हो जाता है। इसलिए जीवन में संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने सामाजिक स्वास्थ्य के महत्व पर भी जोर देते हुए कहा कि अकेलापन व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। इसलिए परिवार और मित्रों के साथ संवाद बनाए रखना, साथ में टहलना, समूह गतिविधियों में भाग लेना और सकारात्मक संबंध विकसित करना जरूरी है। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को नियमित व्यायाम करने, पर्याप्त नींद लेन व सकारात्मक सोच के माध्यम से तनाव को नियंत्रित करने की सलाह दी गई। मंच का संचालन डॉ. अश्विनी ने किया। इस अवसर पर प्रो. एस.के.चहल, प्रो. शुचिस्मिता, प्रो. दीपक राय बब्बर, डॉ. ओ.पी. ठाकुर, डॉ. मीनाक्षी सुहाग, डॉ. सुखविन्द्र सिंह, डॉ. संदीप, डॉ. ऋतु सैनी, डॉ. नवप्रीत कौर, प्रवीण कुमार सहित शिक्षक, शोधार्थी व विद्यार्थी मौजूद रहे।

#### सकारात्मक सोच अपनाकर तनाव पर किया जा सकता है नियंत्रण

मुख्य अतिथि के रूप में स्वास्थ्य एवं वेलनेस कोच प्रो. मनु जटाना ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में व्यस्त जीवनशैली के कारण तनाव एक सामान्य समस्या बन गई है। संतुलित जीवन शैली, उचित पोषण, नियमित ध्यान और सकारात्मक सोच अपनाकर तनाव को प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि व्यक्ति के जीवन में शारीरिक, भावनात्मक, सामाजिक, आध्यात्मिक और मनोवैज्ञानिक - ये पाँच क्षेत्र आत्म-देखभाल (सेल्फ-केयर) के महत्वपूर्ण आधार हैं। यदि इन सभी क्षेत्रों का संतुलन बना रहे तो व्यक्ति का जीवन अधिक स्वस्थ और संतुलित बनता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में तनाव जीवन का स्वाभाविक हिस्सा बन गया है। चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में शरीर की फाइट-या-फ्लाइट प्रतिक्रिया सक्रिय हो जाती है, जो कभी-कभी लाभदायक भी होती है। लेकिन यदि तनाव लंबे समय तक बना रहे तो यह स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है।

---

## शहर की तंग गलियों में हेल्पर एकत्रित करेंगे कूड़ा


**कुरुक्षेत्र।** सफाई दरोगाओं को संबोधित करते सीएम जीजीए मुस्कान यादव व नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार।

- सफाई व्यवस्था को और ज्यादा दुरुस्त बनाने के लिए अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

शहर में सफाई व्यवस्था को और ज्यादा दुरुस्त बनाने के लिए सीएम जीजीए मुस्कान यादव व नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार ने अधिकारियों व सफाई दरोगाओं के साथ बैठक की। इस अवसर पर सीएम जीजीए मुस्कान यादव ने सफाई दरोगाओं के साथ सफाई के मुद्दे पर कर्मचारियों की समस्याएं जानी और उन्हें हल करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। शहर से डोर टू डोर कूडा उठान करने वाली सुगम कंपनी के मैनेजर को भी मौके पर बुलाया गया जिसमें दरोगाओं द्वारा बताया गया कि शहर में कई जगह तंग गलियां है जहां पर टिपर नहीं जा सकते। ऐसे में लोग घरों का कूडा सडक पर डालते हैं जिससे गंदगी दिखाई देती है। ऐसे में इस समस्या को खत्म करने के लिए कार्यकारी अधिकारी ने आदेश दिए कि टिप्पर में जो हेल्पर है वह उन घरों में जाएगा और डोर बेल बजाकर कूडा देने के लिए कहेगा और कूडा लेकर टिप्पर में डालेगा। जिस पर सुगम कंपनी के मैनेजर अमित कुमार ने सहमति जताई। कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि यदि अब भी हैल्पर ऐसे घरों से कूड़ा लेने नहीं जाएगा तो संबंधित कंपनी पर प्रति घर के हिसाब से जुमार्ना किया जाएगा। वहीं मुस्कान यादव ने कहा कि आप लोग भी यह देखे कि कौन लोग खुले में कूडा फैंकते हैं ऐसे लोगों पर फाइन करने की कार्रवाई अमल में लाई जाए। मुस्कान यादव ने प्रत्येक दरोगा से एक-एक करके फील्ड में आने वाली परेशानियों के बारे में पूछा।

---

## भारतीय योग संस्थान ने गायत्री चेतना केंद्र में मनाया योग सांस्कृतिक उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भारतीय योग संस्थान, ब्रह्म सरोवर जिला के तत्वावधान में योग सांस्कृतिक उत्सव गायत्री चेतना केंद्र, परस राम कॉलोनी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विनोद कुमार कौशिक, जिला शिक्षा अधिकारी रहे तथा सुरेश कुमार अरोड़ा, कोषाध्यक्ष, भारतीय योग संस्थान, हरियाणा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम संयोजक डॉ ओम प्रकाश शर्मा ने मुख्य अतिथि एवं कुरुक्षेत्र जिला के सभी उपस्थित पदाधिकारी एवं कार्यकतारूओं का कार्यक्रम में पहुंचने पर स्वागत किया। कार्यक्रम में युधिष्ठिर जिला प्रधान सुमन तोमर एवं सहयोगियों ने दहेज प्रथा के ऊपर एक लघु नाटिका और एक योग गीत आसनों के साथ प्रस्तुत किया। ब्रह्म सरोवर



जिला की महिला टीम ने हरियाणवी गीत और बहुत सुंदर हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत किया। स्कूल के बच्चों ने सामूहिक योगाभ्यास का बहुत सुंदर प्रदर्शन किया। 87 वर्षीय डिप्टी सिंह और सूबेदार रविंद्र कौशिक ने बहुत सुंदर आसनों की प्रस्तुति दी। स्कूल की बालिका दिशा ने बहुत ही सुंदर हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत किया। डॉ मनीष कुकरेजा ने बांसुरी वादन से सब का दिल जीत लिया।

---

## गेहूं खरीद की तैयारियां समय पर होंगी पूरी : गणेश दत्त

- मौजूदा समय में अनाज मंडी में सरसों की खरीद की जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

मार्केट चेयरमैन डा. गणेश दत्त ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देश पर अनाज मंडी में गेहूं की खरीद की तैयारियों को समय पर पूरा किया जाएगा। मौजूदा समय में अनाज मंडी में सरसों की खरीद की जा रही है। सरसों की फसल के संबंध में किसानों को किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं आने दी जा रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश के किसानों व व्यापारियों को लेकर गंभीर हैं। किसानों व व्यापारियों के लिए आए दिन कोई ना कोई नई योजना चलाई जा रही है। चेयरमैन डा. गणेश दत्त मंगलवार को अनाज मंडी स्थित मार्केट कमेटी कार्यालय में किसानों व नागरिकों से चर्चा कर रहे थे। इस दौरान गांव निवारसी के नागरिकों ने अपने गांव की सडक निर्माण की समस्या को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री के नाम लिखित में ज्ञापन दिया। उन्होंने कहा कि देश में सबसे पहले हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किसानों की सभी 24 फसलों को एमएसपी पर खरीद करना शुरू किया। इसके साथ ही किसानों को फसल को बिकने के 48 घंटे के अंदर खातों में पैसे भेजे जा रहे हैं।


**लाडवा।** मुख्यमंत्री के नाम मार्केट कमेटी के अध्यक्ष डॉक्टर गणेश दत्त शर्मा को ज्ञापन सौंपते निवारसी गांव के लोग।

#### किसानों को दिया विभिन्न योजनाओं का लाभ

चेयरमैन डा. गणेश दत्त ने निवारसी के ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि वो उनकी इस समस्या को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के पास भेजाकर समाधान की अपील करेंगे। इस दौरान मार्केट कमेटी सचिव संत कुमार भी मौजूद रहे। चेयरमैन डा. गणेश दत्त ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किसानों को मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल के माध्यम से जोडकर अनेक प्रकार की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। फसल को पोर्टल पर दर्ज करने के बाद गेट पास भी तैयार की जाता है। इस मौजूदा समय में ऐसा कोई भी गांव व शहरी क्षेत्र नहीं है जहां पर कोई किसी परियोजना पर काम ना चल रहा हो।

---



## प्रो. राकेश कुमार ने संभाला डीन फैकल्टी ऑफ साइंसेज का कार्यभार

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में मंगलवार को प्रो. राकेश कुमार ने डीन फैकल्टी ऑफ साइंसेज का पदभार संभाल लिया। साइंस फैकल्टी के अंतर्गत आने वाले सभी विभागाध्यक्षों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया और उनके सफल कार्यकाल की कामना की। इस मौके पर निवर्तमान डीन फैकल्टी ऑफ साइंसेज प्रोफेसर विनोद कुमार ने प्रो. राकेश कुमार को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके अनुभव और नेतृत्व में विज्ञान संकाय शिक्षा और शोध के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। पदभार ग्रहण करते हुए प्रो. राकेश कुमार ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि विज्ञान संकाय के अंतर्गत आने वाले विभागों में शोध, नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देना उनकी प्राथमिकता होगी।

---

## श्रीमद्भागवत कथा सुनने से संपूर्ण पापों का नाश होता : अनिल शास्त्री

- श्री गो गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के तत्वावधान में भागवत कथा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सेक्टर-8 में श्री गो गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा में भागवत प्रवक्ता कथावाचक अनिल शास्त्री ने भागवत प्रसंग की शुरूआत भागवत के प्रथम श्लोक से की सच्चिदानन्द रूपाय विश्वोत्पत्यादि हेतवे तापत्रय विनाशाय श्रीकृष्णाय वयम नुमःवासुदेव सुतं देवम् कंस चानुर मर्दनम् देवकी परमानंदम् कृष्णम् वंदे जगदगुरुम्। कथावाचक अनिल शास्त्री ने कहा कि भागवत के प्रथम श्लोक में भगवान को प्रणाम किया गया है, उनके स्वभाव का वर्णन किया गया है, उनकी लीलाओं का वर्णन किया गया है। भागवत को समझना भगवान को समझने के बराबर है। उन्होंने कहा कि जन्म-जन्मांतर एवं युग-युगांतर में जब पुण्य का उदय होता है, तब ऐसा अनुष्ठान होता है। श्रीमद्भागवत कथा एक अमर कथा है। इसे सुनने से पापी भी पाप मुक्त हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि वेदों का सार युगों-युगों से मानवजाति तक पहुंचाता रहा है। भागवतपुराण उसी सनातन ज्ञान की पयस्विनी है, जो वेदों से प्रवाहित होती चली आई है। इसलिए भागवत महापुराण को वेदों का सार कहा गया है। अनिल शास्त्री ने बताया की सबसे पहले शुकदेव जी महाराज ने राजा परीक्षित को भागवत कथा सुनाई थी, उन्हें सात दिनों के अंदर तक्षक के दंश से मृत्यु का श्राप मिला था। श्रीमद्भागवत कथा अमृत पान करने से संपूर्ण पापों का नाश होता है।


**कुरुक्षेत्र।** कथा सुनाते में भागवत प्रवक्ता कथावाचक अनिल शास्त्री।

---



## वृंदावन धाम से पधारे रवि नंदन शास्त्री ने कथा सुनाकर किया मंत्रमुग्ध

**शाहबाद।** नगर के प्राचीन मारकंडेश्वर शिव मंदिर में गीता भागवत कथा के दूसरे दिनब्यास कथा वृंदावन धाम से पधारे रवि नंदन शास्त्री ने अपने मुखारविंद से आए हुए भक्तों को कथा सुना कर मंत्रमुग्ध कर दिया। नगर में पहली बार इतना विशाल आयोजन हो रहा है। रवि नंदन शास्त्री ने गीता भागवत की कथा में ब्यास भगवान ने मंगलाचरण करने का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि जब कोई कार्य भगवान को साक्षी मानकर करते हैं तो वह कार्य निर्विघ्नम संपन्न होता है। भगवान को साक्षी मानकर कार्य करने का मूल अर्थ है कोई सांसारिक व्यक्ति को अहंकार ना हो क्योंकि संसार मिथ्या से भरा हुआ है। इससे केवल प्रभु स्मरण से बचा जा सकता है। व्यास गद्दी शास्त्री ने कहा भगवान व्यासजी ने कहा भले ही यह संसार मिथ्या है फिर भी इस संसार के कन-कन में भगवान विद्यमान है। अगर प्राणी यह बात समझ ले कि भगवान सब जगह विद्यमान है तो मनुष्य पाप कर्म करने से बच सकता है। मंदिर सभा के प्रधान जगमोहन मनचंदा, वीरेंद्र ठुकराल और प्रवेश शर्मा ने बताया कि यह भागवत कथा 15 मार्च तक चलेगी। 15 मार्च को शिव विवाह का आयोजन होगा। मंच का संचालन विजय शर्मा ने किया।

---




## स्वस्थ नारी ही सशक्त समाज की आधारशिला : डॉ. रूचि जैन

**कुरुक्षेत्र।** दयानंद महिला महाविद्यालय की छात्राओं को डी.आर. जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल की स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ एम.बी.बी.एस., एम.एस. डॉ. रूचि जैन ने स्वस्थ नारी, सशक्त नारी विषय पर संबोधित करते हुए मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के प्रति जागरूक किया। डॉ. रूचि जैन ने छात्राओं को बताया कि शरीर में हार्मोन्स के असंतुलन के कारण कई प्रकार की समस्याएँ उत्पन्न हो सकती हैं, जैसे मूड स्विंग, याददाश्त से जुड़ी दिक्कतें, सिरदर्द, पाचन संबंधी समस्याएँ, हर समय थकान महसूस होना, नींद कम आना या बिल्कुल नींद न आना (इंसोम्निया), गैस, कब्ज और बदहजमी, तनाव, चिंता और चिड़चिड़ापन बढ़ना, अत्यधिक पसीना आना, बालों का झड़ना या असमय सफेद होना, अधिक प्यास लगना तथा ज्यादा ठंड या गर्मी महसूस होना आदि। उन्होंने बताया कि हार्मोन्स को प्राकृतिक रूप से संतुलित रखने के लिए संतुलित और पौष्टिक खानपान अत्यंत आवश्यक है। स्वस्थ आहार में प्रोटीन, आयरन, विटामिन, कार्बोहाइड्रेट और वसा जैसे आवश्यक पोषक तत्व शामिल होने चाहिए। इसके साथ ही नियमित योग, प्राणायाम और व्यायाम को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए तथा अनावश्यक तनाव से बचना चाहिए। डॉ. रूचि जैन ने कहा कि तनाव के कारण शरीर में कोर्टिसोल नामक हार्मोन अधिक मात्रा में बनने लगता है, जो आगे चलकर हार्मोनल असंतुलन, मोटापा, अनिद्रा और थकान जैसी समस्याओं को जन्म दे सकता है। स्ट्रेस हार्मोन के बढ़ने से उच्च रक्तचाप का खतरा भी बढ़ जाता है।

---

**कार्यक्रम** | केयू में 'सशक्त महिला: सबल समाज' विषय पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन

# सशक्त महिला ही सबल समाज की नींव : प्रीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में महिला अध्ययन शोध केंद्र द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सशक्त महिलाः सबल समाज विषय पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी महिलाओं ने भाग लेकर महिला सशक्तिकरण से जुड़े मुद्दों पर विचार साझा किए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डीन फैकल्टी ऑफ लॉ प्रोफेसर प्रीति जैन ने कहा कि आज महिलाएं जिस मुकाम तक पहुंची हैं, वहां तक पहुंचने के लिए उन्हें लंबे संघर्ष से गुजरना पड़ा है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उस संघर्ष और उपलब्धियों को सेलिब्रेट करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि महिलाओं में दृढ़ता और कर्तव्यपरायणता हो तो पूरा विश्व उनके सामने झुक जाता है। महिलाओं को अपना सोचने का दायरा बढ़ाते हुए स्वयं




आत्मनिर्भर बनने के साथ-साथ अन्य महिलाओं को भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि संकल्पित फाउंडेशन की संस्थापिका एवं समाजसेवी श्रीमती गायत्री कौशल ने कहा कि हौसला और जुनून सफलता की कुंजी है। उन्होंने कहा कि समाज में आज भी लैंगिक भेदभाव मौजूद है और महिलाओं की पारंपरिक भूमिकाएं कई बार उनकी प्रगति में बाधा बनती हैं। इसलिए ऐसे परिवारों का निर्माण जरूरी है, जहां पुरुषों की बराबर की सहभागिता हो। कार्यक्रम को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय पूर्व छात्रसंघ के सदस्य डॉ. कंवल गर्ग ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान महिला अध्ययन शोध केंद्र की डिप्टी डायरेक्टर प्रोफेसर विनीता ढींगरा ने अतिथियों का स्वागत किया।

---

## मातृ शक्ति अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का भी पालन करें: कुलपति

**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि उन्हें आयुष विश्वविद्यालय की मातृ शक्ति पर गर्व है। उन्होंने कहा कि समाज और देश को सशक्त बनाने में जितनी महत्वपूर्ण भूमिका मातृ शक्ति की है, शायद ही किसी और की हो। वे



मंगलवार को आयुष विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब तक हम अपने परिवार और समाज से जुड़े रहेंगे, तब तक हमारा राष्ट्र भी सशक्त बना रहेगा। कुलपति ने कहा कि मातृ शक्ति को अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का भी पालन करना चाहिए। कार्यक्रम में महिला पुलिस थाना से मुख्य सिपाही अनीता देवी और हरजीत कौर ने शिरकत की, जबकि महिला अधिवक्ता आरती अग्रवाल भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के रजिस्ट्रार प्रो. बिजेंद्र सिंह तोमर, प्राचार्य प्रो. आशीष मेहता प्रो. दीप्ति पराशर, प्रोक्टर प्रो. सतीश वत्स, प्रो. सीमा रानी, प्रो. आशु विनायक, प्रो. विदुषी त्यागी, डॉ. मनीषा खत्री, डॉ. अनामिका व डॉ. सुमन सहित संस्थान की अन्य महिला चिकित्सक एवं छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान मुख्य सिपाही अनीता देवी और हरजीत कौर ने डायल-112, ट्रिप मॉनिटरिंग सहित महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस द्वारा उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न सुविधाओं की जानकारी दी।

## खबर संक्षेप

### विक्रेताओं दिए जरूरी दिशा निर्देश

**अंबाला।** जिला सिविल सर्जन डॉ. रेनू बेरी ने बताया कि अंबाला छावनी एरिया में मीट/मछली बेचने वाले इलाकों का स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम तथा पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से टीम बनाकर दौरा किया गया। मौके पर स्वास्थ्य विभाग तथा नगर निगम के अधिकारियों द्वारा मीट व मछली विक्रेताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला के अन्य इलाकों मे मीट/मछली विक्रेताओं को नियमों की पालना करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने विक्रेताओं से मांस मछली खुले में न बेचने की भी अपील की है। नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### दो दिवसीय अभिरुचि कार्यक्रम का आयोजन

**अंबाला।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा सब्जियों व रबी फसलों में एकीकृत नाशी जीव प्रबंधन व कीटनाशकों के सुरक्षित एवं विवेकपूर्ण उपयोग हेतु दो दिवसीय अभिरुचि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय क्षेत्रीय केंद्रीय एकीकृत नाशी जीव प्रबंधन केंद्र द्वारा ब्लॉक बराड़ा में किसानों के लिए सब्जी एवं अन्य रबी फसलों में कीट एवं अन्य रोगों पर दो दिवसीय अभिरुचि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
आयोजित कार्यक्रम में किसानों को फसल में एकीकृत नाशी जीव प्रबंधन के विभिन्न पद्धतियों के बीजोपचार, सब्जी व रबी फसलों के रोग एवं कीटो की पहचान व उनका प्रबंधन की जानकारी दी गई।

### हेरोइन तस्करी का आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पड़ाव में दर्ज लगभग 7 करोड़ रूपये की 1 किलोग्राम हेरोइन तस्करी और पांच लाख 69 हजार रूपये नकदी के मामले में सीआईए-1 ने एक अन्य आरोपी संजय कुमार को गिरफ्तार किया है। इस मामले में संलिप्त अब तक 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। मामले की जांच में सामने आया था कि आरोपी संजय कुमार वासी गांव उगाला भी इस मामले में संलिप्त था। वह भी मादक पदार्थ बेचने का कार्य करता था। 21 मार्च 2025 को सीआईए-1 को सूचना मिली थी कि आरोपी हीरा चावला दिल्ली से नशीला पदार्थ हेरोइन लाकर नशा सप्लाई का काम करता है। सूचना यह भी मिली थी कि आरोपी दिल्ली से भारी मात्रा में हेरोइन लेकर गाड़ी नंबर डीएल-14सी-ई-0180 मार्का इग्निश में सवार होकर काली पलटन पुल से गुजरेगा। सीआईए-1 ने काली पलटन पुल के पास नाकाबंदी कर आरोपी को काबू किया था। तलाशी लेने पर गाड़ी की ड्राइवर सीट के नीचे से 01 किलो ग्राम हेरोइन बरामद की थी। आरोपी की पहचान हीरा निवासी जग्गी गार्डन अंबाला शहर के रूप में हुई थी। पुलिस ने मामले में संलिप्त मुख्य नशा सप्लायर लखन के घर से सर्च अभियान के दौरान पांच लाख 69 हजार रूपये ड्रग्स मनी भी बरामद की गई थी।

### सरसों चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**बराड़ा।** पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए सरसों चोरी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता हरमिंदर सिंह ने मंगलवार को शिकायत दर्ज कराई थी कि गांव थम्बड स्थित 'गुरु राम एग्रो फूड सेलर' से तीन आरोपियों ने सरसों के 3 कट्टे चोरी कर लिए हैं। पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर तफ्तीश शुरू की। जांच के दौरान पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को काबू किया। आरोपियों की पहचान गौरव , गौतम व गौरव वासी गांव बिहटा के तौर पर हुई। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए सरसों के तीनों कट्टे बरामद कर लिए हैं।

### शीतला माता मंदिरों में लगी श्रद्धालुओं की लाइनें

**अंबाला।** शीतला माता मंदिरों में मंगलवार को बासौड़ा पूजन हुआ। सुबह 4 बजे से ही भक्तों ने परिवार सहित कतारों में लगकर दर्शन किए। भक्त अपने घरों में रात को ही गुलगुले, पूड़ी, मिट्ठे चावल बनाकर लाए थे। उन्हीं का भोग लगाया। मंदिर कमेटी की ओर से भी भक्तों के लिए टेंट आदि बैठने की व्यवस्था की गई थी। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिरों के बाहर मेले लगाए गए।

## फरीदाबाद नगर निगम को मिला सबसे ज्यादा बजट

# नगर निगम के सालाना बजट में दोगुनी बढ़ोतरी

**नगर परिषद ने बाजी मारी, निगम के समान मिला बजट**

**सरकार की ओर से पेश वार्षिक बजट के दस्तावेजों में आवंटित फंड का विस्तार से किया जिक्र**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

राज्य सरकार की ओर से इस बार नगर निगम के सालाना बजट में दोगुनी बढ़ौतरी की है। हालांकि सरकार ने अंबाला सदर नगर परिषद के बजट को भी नगर निगम के बजट के बराबर रखा है। वित्त मंत्री एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा आगामी वित्त वर्ष 2026-27 हेतु प्रदेश के लिए पेश किए गए वार्षिक बजट के साथ संलग्न दस्तावेजों में अंबाला शहर नगर निगम के लिए 27 करोड़ 12 लाख 1 हज़ार 4 रुपये के बजट की व्यवस्था की गई है। मजे की बात है कि वित्त-वर्ष 2025-26 में अंबाला शहर नगर निगम का सालाना बजट 13 करोड़ 4 लाख 23 हज़ार रुपये रहा था। पिछली बार की अपेक्षा इस बार बजट में दोगुना से ऊपर की बढ़ोतरी की गई है।पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के एडवोकेट व म्युनिसिपल कानून के जानकार हेमंत कुमार ने बताया कि प्रदेश सरकार के ताज़ा वार्षिक बजट का अध्ययन करने पर यह बात सामने आई कि अंबाला शहर नगर निगम के लिए घोषित बजट अनुमान की धनराशि (ग्रांट-इन-ऐड), जो 15वें केंद्रीय वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुरूप दर्शायी गयी है। प्रदेश की कुल 11 नगर निगमों में केवल मानेसर नगर निगम से ही अधिक है जिसके लिए आगामी वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 24 करोड़ 73 लाख 11 हजार रूपए का बजट अनुमान किया गया है। आगामी वित्त वर्ष 2026-27 में सबसे अधिक फरीदाबाद नगर निगम के लिए 181 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है जबकि गुरूग्राम नगर निगम के लिए 113 करोड़ रुपये का बजट तय किया गया है।


**अंबाला।** नगर निगम ऑफिस का बाहरी दृश्य।

### वेतन व सफाई पर ज्यादा खर्च

नगर निगम की ओर से तय किए गए बजट का बडा हिस्सा निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों के वेतन पर खर्च होता है। जबकि शहरी विकास के लिए लोगों को पूरी तरह से राज्य व केंद्र सरकार की ओर से मिलने वाले फंड पर निर्भर रहना पड़ता है। इसके अलावा सफाई पर भी बजट की बड़ी रकम खर्च होती है। हालांकि ज्यादा बजट खर्च होने के बावजूद लोग सफाई कार्य को लेकर बेहद परेशान नजर आते हैं। अभी निगम की हद में आने वाले ज्यादातर गांव व कई कॉलोनियों में घरों से कूड़ा उठाने का काम तक शुरू नहीं हो पाया है। पांच साल में कोई विकास न होने की वजह से निगम में आए ज्यादातर गांवों के लोग उन्हें निगम से बाहर रखने की मांग क रहे हैं। उनका कहना है कि पंचायती राज में ग्रामीणों को सुविधाएं मिल जाती थी। मगर नगर निगम में आने के बाद गांवों में एक ईंट तक नहीं लग पाई है।

### नारायणगढ़ नपा को ये मिला

नारायणगढ नगरपालिका समिति के लिए आगामी वित्त-वर्ष 2026-27 में 3 करोड़ 35 लाख रुपये का बजट तय किया गया है। जबकि वित्त वर्ष 2025-26 में यह आंकड़ा 1 करोड़ 40 लाख रुपये रहा। इसी तरह बराडा नगरपालिका के लिए आगामी वित्त-वर्ष 2026-27 में 3 करोड़ 76 लाख रुपये का बजट प्रस्तावित किया गया है जबकि वित्त वर्ष 2025-26 में यह आंकड़ा 1 करोड़ 29 लाख रुपये रहा था। अंबाला छावनी में कैंटोनमेंट बोर्ड के लिए आगामी वित्त-वर्ष 2026-27 में 7 करोड़ 88 लाख 55 हजार रुपये का बजट तय किया गया है जबकि वित्त वर्ष 2025-26 में यह आंकड़ा 3 करोड़ 44 लाख 39 हजार रुपये रहा है।

### संशोधित बजट 24 करोड़

इसी तरह अंबाला सदर नगर परिषद के लिए आगामी वित्त-वर्ष 2026-27 के लिए 28 करोड़ 89 लाख 69 हजार 867 रूपये का बजट प्रस्तावित किया गया है। इस प्रकार सदर नप के लिए अंबाला शहर नगर निगम से 1 करोड़ 77 लाख से ऊपर का बजट अनुमान किया गया है। वित्त वर्ष 2025-26 में सदर नप के लिए बजट अनुमान का आंकड़ा 12 करोड़ 28 लाख 4 हजार रुपये का बजट रहा था जबकि संशोधित बजट 24 करोड़ 8 लाख रुपये रहा है।

## महिलाओं के अधिकारों की लड़ाई में बाबा साहेब का ऐतिहासिक योगदान

- बार काउंसिल पंजाब एवं हरियाणा के चुनाव की सशक्त उम्मीदवार सुनील कलसन ने महिला वकीलों से मांगे वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल के चुनाव में सशक्त उम्मीदवार एवं नेशनल एलायंस का दलित ह्यूमन राइट्स की सहसंयोजक एडवोकेट सुनीता कलसन ने मंगलवार को एक बार फिर अंबाला बार एसोसिएशन से जुड़ी महिलाओं से मुलाकात कर वोट की अपील की। इस दौरान उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी उन्नति में डॉक्टर बीआर अंबेडकर का अहम योगदान हे। देश में महिलाओं को जो संवैधानिक, सामाजिक और कानूनी अधिकार प्राप्त हैं, उनकी मजबूत नींव भारत के महान विधिवेत्ता, समाज सुधारक और संविधान निर्माता डॉ बीआर अंबेड़कर ने रखी। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा था कि किसी भी समाज की प्रगति का वास्तविक मापदंड यह है कि उस समाज की महिलाओं ने कितनी प्रगति की है। यह विचार उस समय के लिए अत्यंत क्रांतिकारी था, जब भारतीय समाज गहरी पितृसत्तात्मक मानसिकता और अनेक सामाजिक कुरीतियों से जकड़ा हुआ था। एडवोकेट सुनीता ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का मानना था कि किसी भी समाज में वास्तविक लोकतंत्र तभी स्थापित हो सकता है जब महिलाओं को पुरुषों के समान अधिकार और सम्मान प्राप्त हों। इसलिए उन्होंने महिलाओं की समानता और गरिमा सुनिश्चित करने के लिए सामाजिक आंदोलनों, वैचारिक लेखन और कानूनी सुधारों के माध्यम से निरंतर संघर्ष किया। अपने प्रसिद्ध शोधपत्र कास्ट्स इन इंडिया में उन्होंने स्पष्ट किया कि भारतीय समाज में जाति व्यवस्था को बनाए रखने के लिए महिलाओं की स्वतंत्रता को नियंत्रित किया गया। यह बताया कि जाति व्यवस्था केवल सामाजिक असमानता ही नहीं पैदा करती, बल्कि महिलाओं की स्वतंत्रता और समानता को भी बाधित करती है।


एडवोकेट सुनीता कलसन।

### समानता का आधार मिला

बताया कि प्राचीन भारत में महिलाओं को अपेक्षाकृत सम्मानजनक स्थान प्राप्त था, लेकिन समय के साथ सामाजिक और धार्मिक व्यवस्थाओं के कारण उनकी स्थिति कमजोर होती चली गई। देश की आजादी के बाद जब नए राष्ट्र के निर्माण का कार्य शुरू हुआ, तब डॉ. अंबेडकर ने भारत के संविधान के निर्माण में यह सुनिश्चित किया कि महिलाओं को पुरुषों के समान संवैधानिक अधिकार प्राप्त हों। संविधान में समानता, लिंग के आधार पर भेदभाव पर रोक, समान काम के लिए समान वेतन तथा मातृत्व राहत जैसे महत्वपूर्ण प्रावधान शामिल किए गए, जिनसे महिलाओं को संवैधानिक सुरक्षा और समानता का मजबूत आधार मिला। कलसन ने बताया कि 1942 से 1946 के बीच जब डॉ. अंबेडकर वायसराय की कार्यकारिणी परिषद में श्रम मंत्री थे तब उन्होंने महिला श्रमिकों के हित में कई ऐतिहासिक निर्णय लिए।

# प्रवासी की हत्या में इस्तेमाल चाकू जब्त

- गांव दिनारपुर में होली पर युवक की चाकू मारकर हत्या करने वाले तीनों आरोपितों को पुलिस ने जेल भेज दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

दिनारपुर गांव में होली पर युवक की चाकू मारकर हत्या करने वाले तीनों आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया। एक दिन का रिमांड खत्म होने के बाद रविवार पुलिस ने तीनों आरोपी गौरव उर्फ बैली, विकास कुमार उर्फ गोलू व विकास को कोर्ट में पेश किया था। रिमांड के दौरान आरोपी ने हत्या के इस्तेमाल चाकू की बरामदगी वारदात स्थल से एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित दूसरे खेत से करवाई। वहीं, पुलिस की टीम जब आरोपी विकास को पकड़ने का प्रयास कर रही थे तो भागने के चक्कर में एक मंजिल छत से छलांग लगा दी थी। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए काबू किया। आरोपी के टांग में फ्रैक्चर आने पर उपचार के बाद उसे कोर्ट में पेश किया था। बता दें कि दिनारपुर में 4 मार्च यानी होली पर बिहार निवासी अर्जुन का शव मिला था। चाकू लगने पर अर्जुन की आंतें तक बाहर आ गई थीं। दिनारपुर के राकेश की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया था।

### होटल के कमरे में लटका मिला युवक का शव, हलचल नहीं होने पर हुआ संदेह

**अंबाला।** अंबाला कैंट की राय मार्केट स्थित एक होटल में मंगलवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक कमरे में ठहरे हुए युवक का शव फंदे से लटका मिला। मृतक की पहचान अंबाला शहर के जग्गी कॉलोनी निवासी रितेश यादव (29) के रूप में हुई है। फिलहाल फंदा लगाने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को उतारने की प्रक्रिया शुरू कर दी। होटल मालिक सहित स्टाफ से जानकारी जुटाई जा रही है व मृतक के परिवार से भी संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है। फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट की टीम भी मौके पर पहुंच कर साक्ष्य जुटा रही है। होटल कर्मी के अनुसार युवक एक दिन पहले यानी 9 मार्च को होटल में ठहरा था। मंगलवार को दिनभर कमरे से कोई हलचल या आहट सुनाई नहीं दी। संदेह होने पर जब होटल कर्मचारी ने कमरे का दरवाजा खटखटाया और कोई जवाब नहीं मिला तो मास्टर चाबी से दरवाजा खोलकर देखा तो युवक का शव पंखे के सहारे फंदे से लटका हुआ था। जांच के बाद ही पुलिस मामले की विस्तार से जानकारी देने की बात कह रही है।

## चार करोड़ के चावल डकारने वाली अंबे राइस मिल की संपत्ति अटैच, अब नीलामी की तैयारी

- खाद्य आपूर्ति विभाग की ओर से फर्म को डिफाल्टर घोषित कर शुरू की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणगढ़

खरीफ के सीजन 2024-25 में 4 करोड़ के गबन मामले में फंसी अंबे राइस मिल संचालकों की संपत्ति अटैच कर दी गई है। केस दर्ज होने के बाद विभाग ने इस मिल को डिफाल्टर घोषित करते हुए संपत्ति अटैच करने का निर्णय लिया था। साथ ही खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक निशांत राठी की तरफ से इनकी संपत्ति को नीलाम करने की तैयारी शुरू कर दी है। बाकायदा तहसीलदार को बोलकर इसकी प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है ताकि सरकार के रुपये को पूरा किया जा सके। इसी तरह से मुलाना थाने में यहां के उपलाना गांव स्थित श्री कृष्णा राइस मिल पर सरकार के 5.48 करोड़ बकाया होने के कारण उस पर भी यहीं कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। आपार तिवारी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि खरीफ मार्केटिंग सीजन 2024-25 के तहत मिल को धान अलॉट किया गया था।

### रिकॉर्ड उपलब्ध करवाया जाएगा

इस मामले में अंबे राइस मिल के पार्टनर प्रेम चंद, इकबाल सिंह तथा गारंटर बीएस ट्रेडिंग और राधे ट्रेडिंग के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। इंस्पेक्टर ललित ने बताया कि अंबे राइस मिल के दो मालिक सहित गारंटर पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग से इस राइस मिल से जुड़े सभी जांच कमेटी के दस्तावेज मांगे गए है। जांच के बाद ही गिरफ्तारी की जाएगी। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक निशांत राठी ने बताया कि अंबे राइस मिल की संपत्तियों की नीलामी करवाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। तहसीलदार को लिखा गया है। पुलिस को भी पूरा रिकॉर्ड उपलब्ध करवाया जाएगा।

## जनगणना का कार्य ईमानदारी के साथ करें : आशीष कुमार

- नगराधीश नए लघु सचिवालय के सभागार में शिविर में बोले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानेसर

नगराधीश आशीष कुमार ने कहा कि जनगणना 2027 के लिए जिला प्रशासन की तरफ से तैयारियों जोरो से चल रही है। इस बार भारत की 16वीं जनगणना का कार्य डिजिटल प्रणाली से किया जाएगा। इस डिजिटल प्रणाली में मोबाइल एप का अहम रोल रहेगा। यह कार्य 2 चरणों में किया जाएगा। नगराधीश आशीष कुमार मंगलवार को नए लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जनगणना का पहला चरण अप्रैल से सितंबर 2026 तक घरों की सूची, आवास जनगणना और दूसरा चरण फरवरी 2027 में जनगणना का होगा। इस बार जनगणना में जाति जनगणना भी शामिल होगी जो 1931 के बाद पहली बार होगी। नागरिकों को स्व गणना का विकल्प भी मिलेगा जहां वे ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से खुद अपनी जानकारी भर सकेंगे। उन्होंने कहा कि 19 से 21 मार्च तक जिला स्तर पर फील्ड ट्रेनर्स की वर्कशॉप आयोजित की जाएगी। जिसमें मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा, जबकि 25 मार्च को चार्ज आफिसर की वर्कशॉप आयोजित की जाएगी।

## पेयजल शुद्धता के लिए जांच जरूरी : मताना

### आधा दर्जन गांवों में पेयजल जांच कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन के द्वारा मनाए जाने वाले जल महोत्सव कार्यक्रम के तहत मंगलवार को पेयजल जांच प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयेजन ब्लाक स्तर पर किया गया। जिसमें ग्राम जल एवं सीवरेज समिति सदस्य, पंप आपरेटर, पंचायत सदस्य, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं व विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिला सलाहकार रणधीर मताना ने बताया कि गांव डुमरखां कलां की आईटीआई, सिंगवाल, बुढाखेड़ा, साहनपुर, खेड़ीबुल्ला, पडाना, झांज कलां व खुर्द के सरकारी स्कूलों में पेयजल जांच कार्यक्रम आयोजित किया गया। इन कार्यक्रम में पेयजल की शुद्धता पर जोर दिया गया ताकि हर व्यक्ति स्वच्छ रह सके। इस मौके पर सभी स्कूल के विद्याार्थियों द्वारा पेयजल जांच का प्रशिक्षण लिया गया और मौके पर ही ओटी किट व अफटी किट से पेयजल की जांच की गई।



**जींद।** जल महोत्सव के तहत जागरूकता रैली निकालते बच्चे। *फोटो :हरिभूमि*

## राजकीय महाविद्यालय में शौचालयों का बुरा हाल

**एबीवीपी ने ज्ञापन सौंप व्यवस्थाएं सुधारने की मांग उठाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राजकीय महाविद्यालय जींद इकाई ने विद्यार्थियों की मूलभूत सुविधाओं को लेकर कॉलेज प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से महाविद्यालय परिसर में खराब पड़े शौचालयों को जल्द से जल्द ठीक करवाने तथा विद्यार्थियों के लिए स्वच्छ पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था करने की मांग की गई। एबीवीपी के इकाई अध्यक्ष राजकुमार ने बताया कि महाविद्यालय में पढने वाले सैंकड़ों विद्यार्थियों को रोजाना इन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कॉलेज परिसर के कई शौचालय काफी समय से खराब पड़े हैं, जिनकी साफ.-सफाई भी नियमित रूप से नही हो रही है। इसके कारण विद्यार्थियों विशेषकर छात्राओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि शौचालयों की स्थिति ठीक न होने से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती हैं। जिला संयोजक प्रतीक शर्मा ने बताया कि इसके अलावा विद्यार्थियों ने कॉलेज में स्वच्छ पेयजल की कमी की समस्या भी प्रशासन के सामने रखी।

## पूर्व राज्य मंत्री ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाली सुहासिनी को दी बधाई

# सफलता के लिए युवाओं को लक्ष्य तय कर भटकाव से दूर रहने का आह्वान

**सुहासिनी ने सिविल सेवा परीक्षा में 413वां रैंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

कस्बे की होनहार बेटी सुहासिनी मित्तल ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा में 413वां रैंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने मंगलवार को सुहासिनी मित्तल के निवास पर पहुंचकर उन्हें इस उपलब्धि पर बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने सुहासिनी को मिठाई खिलाकर और फूलों का गुलदस्ता भेंट कर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सुहासिनी के पिता संजीव मित्तल, माता प्रतिभा मित्तल तथा दादी श्यामा देवी सहित परिवार के अन्य सदस्यों को भी बधाई दी।गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाया गया "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" अभियान एक सामाजिक आंदोलन है, जिसे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यूपीएससी देश की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक है और इसमें सफलता प्राप्त कर सुहासिनी मित्तल ने न केवल जिला बल्कि पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है। कहा कि सुहासिनी मित्तल की सफलता युवाओं के लिए भी एक संदेश है कि वे अपना लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ें। जो युवा भटकाव और भ्रम में नहीं पड़ते, उन्हें मेहनत के दम पर सफलता अवश्य प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपनी क्षमता पर विश्वास रखते हुए निरंतर परिश्रम करना चाहिए। कहा कि वे स्वयं भी एक बेटी के पिता है और बिटिया सुहासिनी की सफलता पर उन्हें भी गर्व की अनुभूति हो रही है। उन्होंने कहा कि बेटियों को भी जब आगे बढ़ने के मौके मिलते है तो वे अपनी मेहनत से सफलता का परचम लहरा देती है।


**शहजादपुर।** आईएएस सुहासिनी व उनके परिवार को शुभकामनाएं देते पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल व अन्य।

### बेटी की उपलब्धि पर गर्वः संजीव

इस अवसर पर सुहासिनी मित्तल के पिता संजीव मित्तल ने कहा कि उन्हें अपनी बेटी की इस उपलब्धि पर बहुत गर्व है। उन्होंने कहा कि बेटियों को भी बेटों के समान अवसर मिलने चाहिए, तभी वे समाज और देश के विकास में अपना योगदान दे सकती हैं। उन्होंने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि पूरी लगन और मेहनत के साथ अपनी तैयारी करें और किसी भी प्रकार की घबराहट से बचें, सफलता अवश्य मिलेगी।सुहासिनी मित्तल के पिता संजीव मित्तल यहां सीमेंट व सरिया के व्यवसाय से जुड़े हुए हैं, जबकि उनकी माता प्रतिभा मित्तल शिक्षा के क्षेत्र से जुड़ी हुई हैं। वे गेस्ट टीचर के रूप में अपनी सेवाएं दे रही हैं। सुहासिनी ने अपनी कड़ी मेहनत, लगन और परिवार के सहयोग से यह महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। सुहासिनी मित्तल ने बताया कि यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा में उनका 413वां रैंक आया है। उन्होंने आईआईटी मुंबई से गणित विषय में पोस्ट ग्रेजुएशन किया है। उनके पिता संजीव मित्तल ने बताया कि उनके दो बच्चे हैं। सुहासिनी बड़ी हैं जबकि बेटा राघव मित्तल उनसे छोटा है।